दिन– सोमवार दिनांक– 08 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य में गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी और अधवारा समूह की नदियां उफान पर। निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति हुई गम्भीर।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण जिले में बाढ़ और कटाव का हवाई सर्वे करेंगे।

03. सर्वोच्च न्यायालय, नीट–यूजी की परीक्षा नए सिरे से कराने की मांग सहित कई याचिकाओं पर आज सुनवाई करेगा।

04. और, मधुबनी के मोहम्मद शम्स आलम शेख ने क्रोएशिया में आयोजित पैरा तैराकी प्रतियोगिता में तीन पदक हासिल कर बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड।

———————————————————————

राज्य में गंडक, बागमती, अधवारा समूह, कमला बलान और कोसी सहित अन्य नदियों में उफान से निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मधुबनी, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, शिवहर, गोपालगंज और आस–पास के क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। पश्चिम चम्पारण जिले में वाल्मीकिनगर गंडक बराज से पानी छोड़े जाने से आस–पास के कई इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि वाल्मीकिनगर टाईगर रिजर्व में भी गंडक नदी का पानी तेजी से फैल रहा है।

———बाईअ———

सीतामढ़ी से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में बागमती, लखनदेई और अन्य नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ा है।

———बाईट———

इधर, शिवहर में बागमती नदी उफान पर है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में नदी का जलस्तर इस मौसम में पहली बार खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। जिले में नदी लाल निशान से बासठ सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। बाढ़ का पानी बागमती तटबंध के बीच फैलने से खेत में लगी फसल डूब गयी है। इधर, मधुबनी में मधेपुर प्रखंड और आसपास के क्षेत्रों में कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि लोग सुरक्षित स्थानों पर शरण ले रहे हैं।

———बाईट———

कैमूर जिले में कर्मनाशा और दुर्गावती नदियों के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। दोनों नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार भारी बारिश के चलते मोहनिया स्थित अनुमंडलीय अस्पताल मे बारिश का पानी प्रवेश कर गया। रोहतास जिले में भारी बारिश के चलते नौहट्टा प्रखंड के महादेव खोह मंदिर स्थित झरने से बड़े पैमाने पर जल प्रवाह हो रहा है।

————————————————————————

इधर, मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर प्रखंड क्षेत्र में महाने नदी पर बनाए जा रहा डायवर्जन बह गया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पिछले दो दिन से हो रही भारी बारिश के चलते नदी में बाढ़ आने के कारण यह हादसा हुआ।

————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों और प्रदेश में हो रही बारिश के चलते कोसी, गंडक, बागमती और अधवारा समूह की नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से आठ सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। परमान नदी अररिया में खतरे के निशान से सोलह सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट पर जबकि बागमती नदी सीतामढ़ी के ढेंगब्रिज और मुजफ्फरपुर के रून्नीसैदपुर में चेतावनी के स्तर को पार कर गयी है। कमला बलान नदी का जलस्तर झंझारपुर में लाल निशान के आस–पास बना हुआ है। इधर, नदियों के बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण जिले में विभिन्न स्थानों पर बाढ़ और कटाव का हवाई सर्वे करेंगे। मुख्यमंत्री गंडक बराज का भी निरीक्षण करेंगे।

————————————————————————

पूरे प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता बनी हुई है। मौसम विभाग ने आज मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, कटिहार, सुपौल, किशनगंज, दरभंगा, मधुबनी समस्तीपुर, वैशाली, पूर्वी और पश्चिम चंपारण जिले के अधिकांश क्षेत्रों में मध्यम से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान बांका के शम्भूगंज में सबसे अधिक एक सौ इक्यानवे दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं, किशनगंज में एक सौ अड़तालीस, पश्चिम चंपारण के सिकटा में एक सौ पैंतालीस दशमलव छह, मुंगेर के

तारापुर में एक सौ पैंतालीस दशमलव दो और पटना के अथमलगोला में एक सौ तेरह मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

—————————————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में तेरह लोगों की मौत हो गयी। कैमूर में पांच, नवादा में तीन, रोहतास में दो, औरंगाबाद, सहरसा और जमुई में एक–एक व्यक्ति की मौत हुई है। वहीं, छह अन्य लोग झुलस गये हैं। इधर, आपदा प्रबंधन विभाग ने राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश के दौरान वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की है।

—————————————————————————————

रूपौली विधानसभा उपचुनाव में प्रचार का आज अंतिम दिन है। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे। एनडीए की ओर से उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा सहित कई नेता वहीं, इंडी गठबंधन की ओर से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी प्रचार में शामिल होंगे। उपचुनाव में मुख्य मुकाबला एनडीए उम्मीदवार जदयू के कलाधर मंडल और महागठबंधन की ओर से राजद उम्मीदवार बीमा भारती के बीच है। चुनाव मैदान में ग्यारह प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मतदान दस जुलाई को होगा। मतगणना तेरह जुलाई को की जायेगी।

—————————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय में नीट–यूजी परीक्षा परिणाम से संबंधित कई याचिकाओं पर आज सुनवाई होगी। इनमें नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष छब्बीस याचिकाएं सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। विद्यार्थियों ने अपनी याचिकाओं में नीट में कथित अनियमितताओं की अलग और स्वतंत्र जांच की मांग की है। इधर, नीट–यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले में बढ़ते विवाद के बीच केंद्र ने सर्वोच्च न्यायालय में हलफनामा दाखिल किया है। केंद्र ने कहा है कि परीक्षा में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के किसी भी सबूत के अभाव में नीट परीक्षा को दोबारा आयोजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। केन्द्र ने यह भी तर्क दिया है कि दोबारा परीक्षा कराने से लाखों वास्तविक उम्मीदवारों के जीवन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

—————————————————————————————

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा–सीटीईटी में पूरे प्रदेश से पांच महिला समेत तैंतीस फर्जी परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया गया है। से सभी परीक्षार्थी दूसरे की जगह

परीक्षा दे रहे थे। दरभंगा से बारह, सारण से तीन, गोपालगंज में दो, मुंगेर, गया, जहानाबाद, बेगूसराय, मधुबनी और भागलपुर से एक–एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है। वहीं, पटना जिले में बायोमैट्रिक जांच में दस फर्जी परीक्षार्थी भी गिरफ्तार किये गये हैं।

———————————————————————

राज्य स्तरीय बीएड प्रवेश परीक्षा दो हजार चौबीस का परिणाम आज घोषित किया जायेगा। परीक्षा के लिए राज्य नोडल केन्द्र ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी दरंभगा में ऑनलाईन रिजल्ट जारी करेंगे।

———————————————————————

राज्य के हज यात्रियों की वापसी शुरू हो गयी है। हाजियों का पहला जत्था आज गया हवाई अड्डे पहुंचेगा। राज्य हज कमीटी के अध्यक्ष हाजी अब्दुल हक ने बताया कि इस वर्ष प्रदेश से तीन हजार सात सौ लोग हज पर गये थे। उन्होंने बताया कि हाजियों का आखिरी जत्था तेरह जुलाई को लौटेगा।

———————————————————————

इस्लामी कैलेंडर वर्ष की शुरूआत हो गयी है। आज मुहर्रम की पहली तारीख है। इसके साथ ही ईमाम हुसैन की करबला में महान शहादत की याद में शोक पर्व की भी शुरूआत हो गयी। सत्रह जुलाई को दसवीं मुहर्रम के दिन यौमे आशूरा मनाया जायेगा। इधर, प्रशासन ने मुहर्रम के अवसर पर निकाले जाने वाले अलम जुलूस और अखाड़े निकाले जाने के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

———————————————————————

मधुबनी जिले के मोहम्मद शम्स आलम शेख ने क्रोएशिया के जाग्रेट में आयोजित पैरा तैराकी ओपन प्रतियोगिता में तीन पदक हासिल किये हैं। बिस्फी प्रखंड क्षेत्र के रथौस गांव के निवासी शम्स आलम ने दो सौ मीटर व्यक्तिगत मिडले में नये राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ रजत पदक प्राप्त किया है। उन्होंने सौ मीटर बेस्ट स्ट्रोक में रजत पदक और पचास मीटर बटरफ्लाई में कांस्य पदक भी जीता है।

बिहार के तौसिफ रसूल जॉर्डन में आयोजित होने वाली अठारहवीं एशियन पुरूष जूनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में शामिल किये गये हैं।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार में पुलों का हेल्थ कार्ड बनेगा। अखबार लिखता है– कोताही पर कार्रवाई।

दैनिक भास्कर ने डेंगू वैक्सीन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– डेंगू से बचाव की वैक्सीन बनी, पटना में भी जल्द होगा ट्रायल।

प्रभात खबर लिखता है– बिहार के तेरह शहरों में शुरू होगी कैब की सेवा।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य में गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी और अधवारा समूह की नदियां उफान पर। निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति हुई गम्भीर।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण जिले में बाढ़ और कटाव का हवाई सर्वे करेंगे।

03. सर्वोच्च न्यायालय, नीट–यूजी की परीक्षा नए सिरे से कराने की मांग सहित कई याचिकाओं पर आज सुनवाई करेगा।

04. और, मधुबनी के मोहम्मद शम्स आलम शेख ने क्रोएशिया में आयोजित पैरा तैराकी प्रतियोगिता में तीन पदक हासिल कर बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।